प्रशासक प्रफुल पटेल के आदेशानुसार ओपन हाउस में दानह की 28 कंपनियों को दिया गया 3.74 करोड रुपये का वैट रिफंड

■ वैट विभाग के कार्यालय में वैट डिप्टी कमिश्नर सौम्या की उपस्थिति में हुआ तीसरा वैट रिफंड ओपन हाउस

असली आजादी ब्यूरो, सिलवासा 17 जुलाई। संघ प्रदेश दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली प्रशासक प्रफुल पटेल ने वैट धारकों को समय पर वैट रिफंड देने के लिए पहल करते हुए ओपन हाउस के आयोजन की प्रक्रिया शुरु कराई है। इसी के तहत वैट धारकों को वैट रिफंड उपलब्ध कराने के लिए वैट विभाग द्वारा पात्र औद्योगिक ईकाईयों को चिन्हित कर इसका लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में दानह वैट विभाग के कार्यालय में आज वैट डिप्टी कमिश्नर सौम्या की उपस्थिति में तीसरे वैट रिफंड ओपन हाउस का आयोजन किया गया। इस ओपन हाउस में सिलवासा मूल्य आधारित कर अधिकारी दिव्येश ए. मोरी ने औद्योगिक ईकाईयों के प्रतिनिधियों को वैट रिफंड ऑर्डर एवं वाउचर वितरित किया। शाम 5 बजे हुए कार्यक्रम में 28 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित रहकर अपना वैट रिफंड वाउचर ग्रहण किया। इस दौरान कुल 3.74 करोड का वैट रिफंड दिया गया। ज्ञात हो कि प्रशासक प्रफुल पटेल ने वैट धारक औद्योगिक ईकाईयों के प्रतिनिधियों को समय पर वैट रिफंड उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया था। उन्होंने इस दिशा में पहल करते हुए ओपन हाउस के आयोजन की प्रक्रिया बनाई। जिसके तहत वैट रिफंड ओपन हाउस आयोजित कर चिन्हित कंपनियों के प्रतिनिधियों को वैट रिफंड दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज तीसरा वैट रिफंड ओपन हाउस आयोजित करके 28 कंपनियों को वैट रिफंड दिया गया।

टेलीफैक्सः (0260) 2254976, मोबाइलः- 9998487499, 9724392928, 7698971122 । प्रबंध संपादक : संजय सिंह